हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार 3 जून 2026

तापमान
अधिकतम 41.2 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री


12 अवैध कॉलोनियों का जंजाल: रजिस्ट्री के...


12 घर-घर जाकर सर्वे करेंगे बीएलओ, अपात्र...

## खबर संक्षेप

### 9.38 ग्राम हेरोइन सहित नशा तस्कर व सप्लायर काबू

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने गांव जलालपुर द्वितीय से पत्थरगढ़ जाने वाली सड़क पर टी प्वाइंट के नजदीक एक नशा तस्कर को 9.38 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर सुभाष ने बताया कि पूछताछ में उसने अपनी पहचान उस्मान पुत्र अफसर अली निवासी रानी महल काबूली बाग कॉलोनी हाल बबैल रोड मनमोहन नगर के रूप में बताई। आरोपी की निशानदेही पर नशा सप्लायर शाहिद को सनौली बाइपास पर कुराड़ के नजदीक सत्संग भवन के पास से गिरफ्तार किया।

### होटल में जुआ खेल रहे चार युवक गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस ने सनौली रोड स्थित नीलकंठ गेस्ट हाउस के कमरे में जूआ खेल रहे 4 युवकों को काबू किया। आरोपियों के कब्जे से जुआ खेलने में प्रयुक्त ताश के पत्ते व दाव पर लगी 36 हजार 600 रुपये की नकदी बरामद हुई है। आरोपियों ने अपनी पहचान राकेश पुत्र दिनेश निवासी धूप सिंह नगर, सोनू पुत्र राजेंद्र निवासी अशोक विहार कॉलोनी, नवजीश पुत्र सलीम निवासी बबैल रोड व जोगराज पुत्र हरद्वारी लाल निवासी देशराज कॉलोनी के रूप में हुई।

### विवाहिता ने लगाए दहेज प्रताड़ना के आरोप

**तरावड़ी।** क्षेत्र की एक विवाहिता ने अपने पति और ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट करने तथा घर से निकालने के आरोप लगाए हैं। महिला ने शिकायत में यह भी आरोप लगाया कि पति के विदेश जाने के बाद उसके ससुर ने उसके साथ अभद्र व्यवहार किया और गलत नीयत से परेशान किया। पीड़िता के अनुसार वर्ष 2018 में उसका विवाह हुआ था। शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगा।

# 12 सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से अंग्रेजी में शुरू होगी पढ़ाई, ये स्कूल सीएम ईईई योजना में शामिल

**प्रदेश सरकार ने सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अत्याधुनिक सुविधाएं मुहैया करवाने की दिशा में उठाया बड़ा कदम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

प्रदेश सरकार ने सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अत्याधुनिक सुविधाएं मुहैया कराने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। स्कूल शिक्षा विभाग ने हरियाणा के 250 सरकारी स्कूलों को चीफ मिनिस्टर एक्सीलेंस एंड अर्ली इंग्लिश स्कूल (सीएम ईईई स्कूल) घोषित कर दिया है। इस योजना के तहत जिले के 12 स्कूलों का चयन किया गया है। यहां अब बच्चों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की तर्ज पर अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई का मौका मिलेगा।

विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, इन सभी विशेष स्कूलों में पहली कक्षा पूरी तरह से अनिवार्य रूप से अंग्रेजी माध्यम में संचालित की जाएगी। दूसरी कक्षा और उससे आगे की कक्षाओं में छात्रों की सुविधा के लिए दो सेक्शन बनाए जाएंगे। इसमें एक सेक्शन हिंदी माध्यम और दूसरा सेक्शन अंग्रेजी माध्यम का होगा। अधिसूचना जारी होने की तिथि से ही ये सभी स्कूल अब अनिवार्य रूप से सह-शिक्षा संस्थानों के रूप में काम करेंगे। सरकार ने साफ किया है कि इन स्कूलों में बच्चों से तयशुदा रेगुलर फंड के अलावा कोई अतिरिक्त वित्तीय अंशदान या फीस नहीं ली जाएगी।

### स्क्रीनिंग से होगा शिक्षकों का चयन

इन स्कूलों में बेस्ट फैकल्टी तैनात करने के लिए मॉडल संस्कृति और पीएम श्री स्कूलों की तर्ज पर एक विशेष स्क्रीनिंग प्रक्रिया के जरिए शिक्षकों की तैनाती की जाएगी। स्कूल शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव विजय सिंह दहिया द्वारा जारी आदेशों के अनुसार ये स्कूल अपने-अपने क्षेत्र में हब स्कूल के रूप में काम करेंगे। इसका मतलब है कि ये स्कूल आसपास के अन्य सरकारी स्कूलों को भी शैक्षणिक सहयोग, संसाधन और अपनी विशेषज्ञता सांझा करेंगे ताकि पूरे इलाके का शिक्षा स्तर सुधरेगा। हालांकि, इन स्कूलों की संबद्धता पहले की तरह हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी से ही रहेगी।


**अंबाला।** एक स्कूल का दृश्य जिसमें बेहतर सुविधाओं के साथ पढ़ते छात्र।

### विभाग के आदेशों की प्रति मिली

डीईओ सुधीर कालड़ा ने बताया कि विभाग के आदेशों की प्रति मिल गई है। विभागीय निर्देशानुसार तुरंत प्रभाव से आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है ताकि स्कूलों से संबंधित प्रक्रिया पूरी की जा सके।

### इन स्कूलों को किया जा रहा अपग्रेड

अंबाला शहर ब्लॉक से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलाना एवं जीएसएसएस बकनौर। अंबाला कैंट ब्लॉक से जीएसएसएस कांवला एवं जीएसएसएस पंजोखरा। बराड़ा ब्लॉक से जीएसएसएस धनौरा एवं जीएसएसएस तंदवाल। नारायणगढ़ ब्लॉक से जीएसएसएस नगला राजपूताना एवं जीएसएसएस डेरा। साहा ब्लॉक से जीएसएसएस बिहटा एवं जीएसएसएस नोहनी और शहजादपुर ब्लॉक से जीएसएसएस कक्कड़ माजरा एवं जीएसएसएस धनाना शामिल है।

## संयुक्त टीम ने विभिन्न मेडिकल स्टोरों एवं पान की दुकानों का किया निरीक्षण

# निकोटीन पाउच की अवैध बिक्री पर जिला प्रशासन का शिकंजा

*उपमंडल कार्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की हुई महत्वपूर्ण बैठक*

**निकोटीन पाउच की बिक्री, भंडारण और वितरण पर प्रभावी रोक लगाने के लिए संयुक्त अभियान चलाने का निर्णय लिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

युवाओं में तेजी से बढ़ रहे निकोटीन पाउच के सेवन और इसके दुष्प्रभावों को देखते हुए प्रशासन ने क्षेत्र में इसकी अवैध बिक्री के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। मंगलवार को उपमंडल अधिकारी सतेन्द्र सिवाच की अध्यक्षता में उपमंडल कार्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें निकोटीन पाउच की बिक्री, भंडारण और वितरण पर प्रभावी रोक लगाने के लिए संयुक्त अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पुलिस, स्वास्थ्य, खाद्य एवं आपूर्ति तथा ड्रग कंट्रोल विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया।

अधिकारियों ने निकोटीन युक्त उत्पादों के बढ़ते चलन पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह युवाओं के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। इसके मद्देनजर मेडिकल स्टोरों, पान की दुकानों, किराना स्टोरों और अन्य संदिग्ध प्रतिष्ठानों की नियमित जांच करने तथा अवैध बिक्री पाए जाने पर तत्काल कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक के बाद एसडीएम के निर्देशानुसार पुलिस विभाग, ड्रग कंट्रोल विभाग और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने क्षेत्र के विभिन्न मेडिकल स्टोरों एवं पान की दुकानों का निरीक्षण किया।


**बराड़ा।** दुकानों पर छापेमारी करती टीम। फोटो : हरिभूमि

### दुकानदारों को प्रतिबंधित उत्पादों की बिक्री न करने की चेतावनी

निरीक्षण के दौरान दुकानदारों को निकोटीन पाउच एवं अन्य प्रतिबंधित उत्पादों की बिक्री न करने की सख्त चेतावनी दी गई और नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश

एसडीएम ने कहा कि क्षेत्र में निकोटीन पाउच की किसी भी प्रकार की अवैध बिक्री को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ लगातार निगरानी रखने और दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला ड्रग्स कंट्रोल अधिकारी हेमंत ग्रोवर, डॉ. हरप्रीत सिंह, डॉ. जितेंद्र पाल सिंह, पुलिस विभाग से विपिन कुमार, धर्मवीर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

अधिकारियों ने सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध के नियमों की जानकारी देते हुए तंबाकू एवं निकोटीन युक्त उत्पादों के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक भी किया। उन्होंने बताया कि स्कूलों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि युवाओं को नशे की लत से बचाया जा सके।

**धमकी के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट**

# अंबाला में 6 को कई जगह बम धमाके करने की धमकी

- ईमेल के जरिए अदालत के साथ नगर निगम, मेयर कार्यालय व रेलवे स्टेशन को उड़ाने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अदालत को बम से उड़ाने की धमकी को लेकर मंगलवार को सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त दिखे। ईमेल के जरिए अदालत के साथ कई सार्वजनिक स्थलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। ई-मेल में 6 जून को कई मुख्य सरकारी ठिकानों को बम से उड़ाने की बात कही गई है। धमकी मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गईं और पूरे जिले में अलर्ट जारी कर दिया गया।

ई-मेल में अदालत के साथ म्यूनिसिपल कार्यालय, मेयर कार्यालय, अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन और रेलवे ट्रैक शामिल है। 6 जून को इन जगहों पर बम विस्फोट करने की धमकी दी गई है। धमकी के बाद रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी),


**अंबाला।** रेलवे स्टेशन पर जांच करते पुलिस के जवान। फोटो : हरिभूमि

क्राइम इंटेलिजेंस ब्यूरो (सीआईबी) और डॉग स्क्वाड की एक संयुक्त टीम ने अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन पर सघन चेकिंग अभियान चलाया।

इस अभियान का नेतृत्व आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह, एसआई पंकज कुमार, जीआरपी के एएसआई सुखबीर सिंह और डॉग स्क्वाड के एएसआई दीपचंद ने किया। पुलिस टीमें एहतियात के तौर पर संदिग्धों से पूछताछ कर रही हैं और सीसीटीवी फुटेज से निगरानी रखी जा रही है।

# युवक ने घर में घुसकर महिला से किया दुष्कर्म

- आरोपी पर अश्लील वीडियो बनाने का भी आरोप
- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

रादौर थाना क्षेत्र में एक युवक ने घर में घुसकर महिला के साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि आरोपी युवक ने उसकी अश्लील वीडियो भी बनाई। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

रादौर थाना क्षेत्र निवासी 26 वर्षीय महिला ने महिला पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह रादौर क्षेत्र स्थित ईंटों के भट्टे पर काम करती है। 25 मई को रात दो बजे वह अपने घर में सो रही थी। इस दौरान मेहताब उनके घर में आ गया। आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया।

पीड़िता ने बताया कि इस दौरान आरोपी ने उसकी वीडियो भी बनाई। जब उसने शोर मचाया तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने घटना के बारे में परिजनों को बताया। परिजनों ने मामले की सूचना महिला पुलिस थाने में दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी मेहताब के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# दो युवकों को विदेश भेजने के नाम पर हड़पे 15 लाख 67 हजार रुपये

- पुलिस ने तीन आरोपियों पर किया धोखाधड़ी का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिले में अलग-अलग स्थानों पर दो युवकों को विदेश भेजने के नाम पर 15 लाख 67 हजार रुपये हड़पने के मामले सामने आए हैं। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद तीन आरोपी लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव गोविंदपुरी निवासी महेंद्र ने फरकपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका लड़का पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात नितिन के साथ हुई। नितिन ने उसे बताया कि वह काफी लोगों को विदेश भेज चुका है। वह उसके लड़के को भी रोजगार के लिए विदेश भेज देगा। इस दौरान आरोपी ने उसे उसके लड़के को जर्मनी भेजने का आश्वासन दिया। आरोपी ने एक अप्रैल 2025 से 22 अप्रैल 2026 के बीच उसके लड़के को जर्मनी भेजने के नाम पर अलग-अलग करके नौ लाख 22 हजार रुपये ले लिए मगर इसके बाद भी आरोपी ने उसके लड़के को जर्मनी नहीं भेजा। जब उसने इस बारे आरोपी से बात की तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

### विदेश जाना चाहता था कुलविंदर

गांव काठवाल निवासी कुलविंदर ने सदर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अप्रैल 2025 में विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात जिला करनाल के तहसील इंद्री के गांव खानपुर निवासी मुनीष व जरनेल सिंह के साथ हुई। दोनों आरोपियों ने उसे कहा कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करते हैं। वह उसे भी नौकरी के लिए विदेश भेज देंगे। आरोपियों ने अप्रैल 2025 से अक्टूबर 2025 के बीच उसे छह लाख 45 हजार रुपये ले लिए। आरोपियों ने इसके बाद भी उसे विदेश नहीं भेजा। आरोपियों ने पैसे देने से मना कर दिया।

# 3.55 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

- नेट का पेपर पास करवाने के नाम पर लिए थे रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र पुलिस ने नेट का पेपर पास करवाने के नाम पर 3 लाख 55 हजार की धोखाधड़ी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन के कुशल मार्ग निर्देश में थाना केयूके टीम ने नेट का पेपर पास करवाने के नाम पर धोखाधड़ी करने के आरोपी जितेंद्र उर्फ जतिन वासी दीदार नगर कुरूक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस को दी अपनी शिकायत में न्यू लक्ष्मण कॉलोनी कुरुक्षेत्र वासी एक महिला ने बताया कि वह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय मार्केट में एक फोटो स्टेट की दुकान पर नोटस व स्टेशनरी का सामान लेने जाती थी। दुकान संचालक जितेंद्र उर्फ जतिन उसे यह विश्वास दिलाता रहा कि वह नेट/जेआरएफ का पेपर पास करवा सकता है। उसने आरोपी की बातों में आकर 17 सितंबर 2025 से 6 जनवरी 2026 के बीच उसे कुल 3 लाख 55 हजार रुपये की राशि आरोपी को दे दी। आरोपी ने आश्वासन दिया कि उसका पेपर पास हो जाएगा, लेकिन ना तो उसकी परीक्षा पास हुई ना ही आरोपी ने उसके पैसे वापस किए। आरोपी ने झूठा आश्वासन देकर उसके साथ धोखाधड़ी की है।

### सड़क किनारे सो रहे व्यक्ति पर कार चढ़ाई, मौत

**करनाल।** डेरा कार सेवा के बाहर मंगलवार तड़के सड़क किनारे सो रहे एक व्यक्ति की कार की चपेट में आने से मौत हो गई। प्रारंभिक तौर पर परिजनों ने शरीर पर चोटों के निशान देखकर हत्या की आशंका जताई, लेकिन पुलिस जांच और फोरेंसिक टीम की पड़ताल में मामला सड़क हादसे का निकला। घटना के बाद कार चालक वाहन समेत फरार हो गया। मृतक की पहचान 45 वर्षीय मनहरण के रूप में हुई है, जो मूल रूप से छत्तीसगढ़ का रहने वाला था और पिछले कई वर्षों से करनाल में रहकर कबाड़ बीनने का काम करता था। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों ने आरोप लगाया कि पहले उन्हें लगा कि किसी ने मनहरण की हत्या कर शव सड़क किनारे फेंका है। हालांकि पुलिस ने घटनास्थल से मिले साक्ष्यों और जांच के आधार पर स्पष्ट किया कि कार बैक करते समय चालक को सड़क किनारे सो रहे व्यक्ति का पता नहीं चला और वाहन उसके ऊपर चढ़ गया।

# केयू एसएफएस कर्मचारियों को बजट पद में लाने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ थानेसर

- कुंटिया प्रधान राजवंत कौर ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को सौंपा ज्ञापन

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ की प्रधान राजवंत कौर ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मंगलवार को शिष्टाचार भेंट की। कुंटिया प्रधान राजवंत कौर व केयू शिक्षक संघ के प्रधान डॉ. जितेन्द्र खटकड़ ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को ज्ञापन देकर केयू में सेल्फ-फाइनेंस स्कीम (एसएफएस) के अंतर्गत नियमित आधार पर कार्यरत लगभग 250 गैर-शिक्षक कर्मचारियों के पदों को बजटेड पदों में परिवर्तित करने की मांग उठाई है। कुंटिया प्रधान राजवंत कौर ने बताया कि ज्ञापन में कहा गया है कि वर्ष 2005-06 में विश्वविद्यालय की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने तथा रोजगारोन्मुखी एवं कौशल आधारित पाठ्यक्रम शुरू करने के उद्देश्य से एसएफएस योजना लागू की गई थी। वर्तमान में विश्वविद्यालय के 47 विभागों एवं संस्थानों में से 13 विभाग एसएफएस के अंतर्गत संचालित हैं, जिनमें लगभग 5,000 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। उन्होंने बताया कि एसएफएस के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारी नियमित कर्मचारियों की तरह ही चयन प्रक्रिया से नियुक्त हुए हैं तथा वर्षों से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। ज्ञापन में राज्य सरकार द्वारा गठित विश्वविद्यालय समीक्षा समिति की उस सिफारिश का भी उल्लेख किया गया है, जिसमें पांच वर्ष से अधिक समय से सफलतापूर्वक संचालित एसएफएस पाठ्यक्रमों को बजटेड श्रेणी में परिवर्तित करने की अनुशंसा की गई थी।


**थानेसर।** मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौपते कुंटिया प्रधान राजवंत कौर व केयू शिक्षक संघ के प्रधान डॉ. जितेन्द्र खटकड़।

**कार्रवाई** निशानदेही के दौरान दोनों आरोपी अपने किए पर पछतावा करते नजर आए

# पूर्व विधायक दिलबाग की फैक्ट्री में फायरिंग मामले में दो शूटरों से करवाई घटनास्थल की निशानदेही

*विदेश में बैठे गैंगस्टरों ने पैसे और विदेश भेजने का दिया था लालच*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

इनेलो के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह की प्लाईवुड फैक्ट्री पर हुई ताबड़तोड़ फायरिंग के मामले में पुलिस जांच लगातार आगे बढ़ रही है। मामले में गिरफ्तार शूटर हर्ष और अभिषेक को पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान पुलिस दोनों आरोपियों को निशानदेही के लिए उसी फैक्ट्री पर लेकर पहुंची, जहां गत 30 मार्च की रात फायरिंग की वारदात को अंजाम दिया गया था।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि निशानदेही के दौरान दोनों आरोपी अपने किए पर पछतावा करते नजर आए। आरोपी अभिषेक ने बताया कि वह आठवीं कक्षा तक पढ़ा है और उसकी उम्र करीब 20 वर्ष है। उसने कहा कि विदेश में बैठे गैंगस्टरों ने उसे पैसों और विदेश भेजने का लालच दिया था, जिसके बहकावे में आकर उसने अपराध का रास्ता चुना। वहीं आरोपी हर्ष ने भी स्वीकार किया कि गैंगस्टरों के झांसे में आकर उसकी जिंदगी बर्बाद हो गई। उसने बताया कि उसे भरोसा दिलाया गया था कि एक बड़ी वारदात के बाद उसकी जिंदगी पूरी तरह बदल जाएगी और उसे भविष्य में काम करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

घायल हर्ष को पुलिस इससे पहले कांजनू क्षेत्र में भी निशानदेही के लिए लेकर गई थी, जहां पुलिस मुठभेड़ के दौरान उसके पैर में गोली लगी थी। घायल होने के कारण वह ठीक से चल नहीं पा रहा था और उसे घटनास्थल तक पहुंचकर पुलिस को जानकारी देनी पड़ी।


**यमुनानगर।** जठलाना में पूर्व विधायक की फैक्ट्री के बाहर शूटरों से निशानदेही करवाती पुलिस।

### अब तक चार आरोपी गिरफ्तार


मामले की जांच कर रहे एसआई सतीश के अनुसार पुलिस अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। मुख्य आरोपियों में कुरुक्षेत्र के गांव सुनहेड़ी खालसा निवासी अमन उर्फ काकू, हर्ष और अभिषेक शामिल हैं। इसके अलावा रादौर निवासी लवीश उर्फ लक्की को भी गिरफ्तार किया गया है, जिस पर शूटरों को हथियार उपलब्ध कराने का आरोप है। पुलिस जांच में सामने आया है कि तीनों शूटर विदेश में बैठे गैंगस्टर नेटवर्क से जुड़े कार्तिक पंडित के संपर्क में थे। उसके निर्देश पर 30 मार्च की रात पूर्व विधायक दिलबाग सिंह की फैक्ट्री पर अंधाधुंध फायरिंग की गई थी। घटनास्थल से पुलिस ने आठ गोलियों के खोल बरामद किए थे। घटना के बाद सोशल मीडिया पर गैंगस्टर नोनी राणा और शुभम पंडित ने पोस्ट जारी कर फायरिंग की जिम्मेदारी ली थी तथा इसे चेतावनी बताते हुए धमकियां भी दी थीं।

## जिला परिषद यमुनानगर ने विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया स्वच्छता अभियान

# हर पंचायत एवं राजस्व ग्राम में करवाए जाएंगे स्वच्छता कार्यक्रम : कुमार

### परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वीसी के जरिए स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करते जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुशील कुमार।

जिला परिषद द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान का शुभारंभ जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुशील कुमार ने ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंस करके किया। मौके पर उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से अभियान को सफल बनाने के लिए दिशा निर्देश दिए। यह अभियान 5 जून तक चलाया जाएगा।

परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि अभियान के अंतर्गत ग्राम स्तर पर विशेष सफाई अभियान, प्लास्टिक उन्मूलन, नालियों की सफाई, सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता तथा पौधरोपण की जाएंगी। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान प्रत्येक पंचायत एवं राजस्व ग्राम में सामुदायिक सहभागिता के साथ स्वच्छता कार्य किए जाएंगे। सार्वजनिक स्थानों, चौक चौराहों, धार्मिक स्थलों और जल निकासी व्यवस्था की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जन जागरूकता फैलाने तथा घरेलू खाद निर्माण, कचरे के पृथक्करण और अपशिष्ट प्रबंधन को प्रोत्साहित करने के लिए ग्राम सभाएं एवं जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

### स्वच्छता को जन आंदोलन बनाएं

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि अभियान शुरु करने का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता को जनआंदोलन बनाना और ग्रामीण समुदाय को पर्यावरण संरक्षण के साथ जोड़ना है। इसके अंतर्गत जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए पौधारोपण, जल स्रोतों की सुरक्षा और स्वच्छ वातावरण के निर्माण की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक बलिंदर कटारिया ने कहा कि स्वच्छता केवल एक कार्यक्रम ही नहीं है। बल्कि स्वस्थ, सशक्त और सुरक्षित ग्राम जीवन की आधारशिला है। उन्होंने सभी ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, स्वच्छता कर्मियों और संबंधित विभागीय अधिकारियों से अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की है।

## शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाना हम सभी का फर्जः प्रसाद

### नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने जगाधरी के सेक्टर 17 का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। जगाधरी सेक्टर-17 में निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को निर्देश देते निगमायुक्त महाबीर प्रसाद। फोटो : हरिभूमि

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी के आयुक्त महाबीर प्रसाद ने मंगलवार को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और नगर निगम के अधिकारियों के साथ जगाधरी के सेक्टर 17 की गलियों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सेक्टर 17 में विकसित की गई ग्रीन बेल्ट और सफाई व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया और अधिकारियों को स्वच्छता दुरुस्त रखने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने निरीक्षण के दौरान हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को सेक्टर 17 स्थित स्ट्रीट वेंडिंग जोन में बिखरे पड़े सीएंडडी वेस्ट को जल्द साफ कराने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर निर्माण सामग्री एवं मलबा पड़े रहने से सुंदरता प्रभावित होती है और लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### नियमित सफाई के दिए निर्देश

आयुक्त ने सफाई अधिकारियों को नियमित सफाई कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी और समयबद्ध सफाई जरूरी है। ताकि जनता को किसी तरह की परेशानी न हो। निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि शहर को सुंदर, साफ और स्वच्छ बनाना हम सभी का नैतिक फर्ज है। उन्होंने अधिकारियों के साथ साथ आम जनता से भी अपील की कि वे कचरा और निर्माण सामग्री सड़कों या सार्वजनिक स्थानों पर न फेंकें। शहर को सुंदर बनाए रखने के लिए सभी नागरिक प्रशासन का सहयोग करें।

## खबर संक्षेप



### युवाओं को नशे से बचाने को बांटी वॉलीबाल किट

**राद़ौर।** नवीन जिंदल फाउंडेशन की ओर से मंगलवार को गाँव सारण व फतेहपुर में खेलों को बढ़ावा देने के लिए युवाओं को वालीबॉल किट वितरित की गई। राद़ौर प्रभारी सोनी कुमार ने युवाओं को वॉलीबॉल किट प्रदान की। सोनी कुमार ने कहा कि कुरुक्षेत्र सांसद नवीन जिंदल की ओर से युवाओं को नशे से दूर रखने ओर खेलों की ओर बढ़ावा देने के लिए खेल किट वितरित की जा रही हैं। जिससे युवा खेलों का अच्छे से अभ्यास कर सकें। उसके बाद युवा खेलो इंडिया अभियान में भाग लेकर खेलों में अपना भविष्य बनाकर अपना व अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते हैं। इस अवसर पर नरेश सिंह, इकबाल चंद, अमरीक सिंह, सरपंच सुखबीर सिंह, राजेंद्र, पाल सिंह, अमित सैनी, दीपक, पूर्व सरपंच कृष्ण शर्मा, अनिल सैनी व सुभाष आदि मौजूद थे।

### शादी का झांसा दे किया नाबालिग को अगवा

**यमुनानगर।** राद़ौर थाना क्षेत्र से एक युवक नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया। पुलिस ने लड़की के पिता की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार राद़ौर थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 17 वर्षीय लड़की 31 मई को शाम छह बजे किसी काम से घर से बाहर गई थी। मगर इसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला। जांच के दौरान उन्हें मालूम हुआ कि उसकी लड़की को धर्मेंद्र कुमार शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।

### स्वीट हाउस के बाहर खड़ी एक्टिवा से पर्स चोरी

**यमुनानगर।** शहर के बॉबी स्वीट हाउस के बाहर खड़ी एक्टिवा से अज्ञात ने पर्स चोरी कर लिया। पर्स में आठ हजार रुपए, तीन ऑस्ट्रेलियन डॉलर व जरूरी दस्तावेज थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार खालसा कॉलेज रोड निवासी कपिल सचदेवा ने यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 30 मई को शाम साढ़े सात बजे बॉबी स्वीट हाउस पर सामान खरीदने के लिए आया था। उसने अपनी एक्टिवा स्वीट हाउस के बाहर खड़ी कर दी थी। एक्टिवा में ही पर्स रखा हुआ था। सामान खरीदने के बाद बाहर आया तो उसे अपनी एक्टिवा से पर्स गायब मिला। उसने बताया कि उसके पर्स में आठ हजार रुपए, तीन ऑस्ट्रेलियन डॉलर, मोटरसाइकिल की आरसी, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड व अन्य दस्तावेज थे।

## सिटी विधायक ने बाढ़ी माजरा में विकास कार्यों का किया शुभारंभ

# सबका साथ, सबका विकास की भावना से काम कर रही सरकार

### वार्ड नंबर 12 के बाढ़ी माजरा में 75 लाख की लागत से होगा मेन रोड का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। बाढ़ी माजरा में विकास कार्यों का शुभारंभ करने के दौरान विधायक घनश्याम दास अरोड़ा का स्वागत करते स्थानीय नागरिक। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना से काम कर रही है। प्रदेश के हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर कार्य किया जा रहा है। उक्त शब्द सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने मंगलवार को शहर के बाढ़ी माजरा में 75 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शुभारंभ करते हुए कहे।

सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि वह यमुनाननगर विधानसभा क्षेत्र में समुचित विकास कार्य करवा रहे हैं। इसी कड़ी में शहर के वार्ड नंबर 12 स्थित बाढ़ी माजरा में मेन रोड के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि इस मेन रोड के निर्माण कार्य पर करीब 75 लाख रुपये खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि इस मेन रोड के बनने से क्षेत्र के हजारों नागरिकों को इन विकास कार्यों का लाभ होगा। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि क्षेत्र के लोग लंबे समय से मेन रोड बनाए जाने की मांग कर रहे थे। जिसे आज हरियाणा सरकार व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सहयोग से किया गया है। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना के साथ काम करने में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि उनका यही प्रयास रहेगा कि यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र में अधिक से अधिक विकास कार्य पूर्ण हो सकें। ताकि जनता को उनका लाभ मिल सके। उनका उद्देश्य भी यही है और रहेगा कि अधिक से अधिक विकास कार्य उनके क्षेत्र में हों और आमजन को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि उनकी यमुनानगर विधानसभा क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों में हलके की जनता उन्हें सहयोग दें। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बनी प्रदेश सरकार हर वर्ग के हित को ध्यान में रखकर आगे बढ़ रही है सरकार द्वारा विकासात्मक कार्यों में नित नए नए आयाम स्थापित कर प्रदेश को देश के अग्रणी राज्यों में शूमार किया जा रहा है।

## न्यूज डायरी



### प्राचीन महामाई मंदिर में बनेगा सत्संग भवन

**राद़ौर।** राद़ौर के सामान्य अस्पताल मार्ग स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक महामाई मंदिर के प्रांगण में सत्संग भवन का निर्माण किया जाएगा। इस भवन के निर्माण पर 15 लाख रूपये खर्च होंगे। सत्संग भवन के निर्माण की आधारशिला कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के बेटे एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नेपाल राणा ने विधिवत पूजा अर्चना करके रखी। मौके पर नपा चेयरमैन रजनीश मेहता शालु भी मौजूद रहे। प्रधान विपिन वाल्मीकि व वार्ड पार्षद ऋषिपाल नंबरदार ने बताया कि महामाई मंदिर को लेकर स्थानीय व क्षेत्र के लोगों में भारी आस्था है। इस अवसर पर एमसी भगवतदयाल कटारिया, एमसी सुदेश सैनी, एमसी विनिश राणा, एमसी संदीप कुमार छोटाबांस, एमसी अमनदीप छोटाबांस, एमसी मोनू सिंह, कुलदीप मट्टू, राजकुमार वाल्मिकी, सुरेश कुमार, राजिंदर बापौली, राकेश, बालक राम, श्याम दास, मदन लाल, भारत रतन, मास्टर वैद्य, गौतम वाल्मिकी, कोमल वाल्मिकी, महिंदर लोहाट व नरेश डिंपल आदि मौजूद रहे।



### गुरनाम सिंह के चेयरमैन बनने पर किया स्वागत

**राद़ौर।** गुरनाम सिंह सैनी कुरूक्षेत्र को हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास निगम लिमिटेड का निदेशक मंडल का चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर सैनी समाज राद़ौर के प्रधान संदीप सैनी के नेतृत्व में गणमान्य लोगों ने बुके भेंटकर सम्मानित किया। समाज के लोगों ने नवनियुक्त चेयरमैन गुरनाम सिंह सैनी को बुके भेंटकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया। प्रधान संदीप सैनी व सरपंच देवेंद्र सिंह सैनी ने कहा कि गुरनाम सिंह सैनी को भाजपा सरकार ने हरियाणा भूमि सुधार एवं विकास निगम लिमिटेड का निदेशक मंडल का चेयरमैन नियुक्त कर सैनी समाज का मान बढ़ाया है। नवनियुक्त चेयरमैन गुरनाम सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने मेहनत करने वाले हर कार्यकर्ता को सम्मान देने का काम किया है। मौके पर सरपंच देवेंद्र सिंह सैनी, विजय सैनी, जगन चौहान, राजू, विक्रम सैनी आदि मौजूद थे।



### बच्चों ने समर कैंप में नृत्य से किया मंत्रमुग्ध

**राद़ौर।** राद़ौर के पर्ल किंडर गार्टन प्री स्कूल में समर कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने खेल, कला, योग, नृत्य व विभिन्न मनोरंजन गतिविधियों में भाग लिया। समर कैंप की शुरुआत बच्चों के स्वागत के साथ हुई। समर कैंप का शुभारंभ स्कूल की प्रधानाचार्या ने किया। स्कूल की प्रधानाचार्या ने बताया कि समर कैंप में सबसे पहले अपना परिचय दिया। इसके बाद खेल, नृत्य, डांस समेत अन्य गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान बच्चों ने ड्राइंग कलरिंग, पेपर क्राफ्ट व अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। बच्चों की सुंदर कलाकृतियां ने सभी का मन मोह लिया। उन्होंने बताया कि समर कैंप में योग शिक्षकों द्वारा बच्चों को योग, व्यायाम व फिटनेस गेम्स करवाए गए। बच्चों को स्वस्थ रहने और फिट रहने का महत्व बताया गया। बच्चों ने डांस, गीत, कविता और फैंसी ड्रेस जैसी गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई। सभी प्रस्तुतियों की खूब सराहना की गई। मौके पर बच्चों को जलपान करवाया गया।



### राष्ट्रसेवा की भावना को किया विकसित

**राद़ौर।** सारदा गुरूकुल कलेसरा के विद्यार्थियों ने महर्षि कणाद वैदिक संस्कृत गुरुकुल बेहट सहारनपुर में आयोजित आर्यवीर दल योग एवं युवा चरित्र निर्माण शिविर में भाग लिया। शिविर में गुरुकुल से वैदिक, भविश, युवराज, कार्तिक, लविश, आर्यन, पीयूष, विनायक एवं सुनील सहित कुल 9 विद्यार्थियों ने शिविर में सहभागिता कर योग, प्राणायाम, यज्ञ, वैदिक संस्कृति, शारीरिक व्यायाम, लाठी, तलवार एवं चरित्र निर्माण से संबंधित विभिन्न प्रशिक्षण प्राप्त किए। शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्रसेवा की भावना को विकसित किया। सात दिनों तक चले प्रशिक्षण शिविर ने विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वैदिक धर्म प्रचारक गौतम खट्टर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन एवं राष्टÑभक्ति को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। शारदा गुरुकुल प्रबंधन ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे शिविर बच्चों में संस्कार, शारीरिक दक्षता एवं वैदिक जीवन मूल्यों को मजबूत करने का कार्य करते हैं। शिविर से लौटे विद्यार्थियों ने भी अपने अनुभव सांझा करते हुए इसे जीवन के लिए अत्यंत प्रेरणादायक बताया। शारदा गुरुकुल परिवार को अपने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर गर्व है।

## योग प्रशिक्षण शिविरों में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता करें सुनिश्चितः प्रीति



**यमुनानगर।** जिला प्रशासन द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को होने वाले कार्यक्रम को लेकर प्रशिक्षण शिविर, जागरुकता गतिविधियां व योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त प्रीति ने 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर अधिकारियों को अपने विभागों में कार्यक्रमों का आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त ने बताया कि 21 जून को आयोजित किए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को लेकर जिला के हर गांव में योग विशेषज्ञ, आयुष योग सहायकों, योगा ट्रेनर की देखरेख में 8 जून से 10 जून तक जिले में योग जागरूकता यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 11 जून से 13 जून तक जिला एवं ब्लॉक स्तर के प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों तथा विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों, सरपंच, पंच व अन्य निर्वाचित सदस्य, पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, एनसीसी व स्काउट कैडेट व जन साधारण को योग प्रशिक्षण दिया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि यह प्रशिक्षण आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ, योग सहायकों, योग समितियों के योग शिक्षकों, प्रवक्ता, शारीरिक शिक्षा, पीटीआई, डीपीईए खेल विभाग के प्रशिक्षकों व पुलिस विभाग के प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को योग प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। 15 जून को सुबह सात बजे से सुबह आठ बजे तक जिलास्तर पर विशेष योग मैराथन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. रजनीश ने बताया कि 16 जून से 18 जून को तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सुबह 6 बजे से 7.30 बजे तक जिला स्तर पर मंत्रीगण, सांसद, विधायकों, प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, एनसीसी, नेहरू युवा केंद्र, स्काउट्स एवं गाइड्स समेत विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## मोबाइल वैन टी-26 के जरिए लोगों को कानूनी अधिकारों के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



हरियाणा विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण यमुनानगर द्वारा लोगों को कानूनी साक्षरता प्रदान करने के लिए ट्रेवलर वेन टी-26 का शुभारंभ किया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रंजना अग्रवाल ने वेन टी को जिला विधिस सेवा प्राधिकरण के कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर गांव पंजेटों व मानकपुर के लिए रवाना किया।

ट्रेवलर वेन टी-26 के गांव पंजेटो में पहुंचने पर ग्रामीणों ने स्वागत किया। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय से पैनल अधिवक्ता वीपीएस सिद्धू व पैरालीगल वालंटियर शिव राज द्वारा ग्रामीणों को कानूनी साक्षरता के लिए जागरुक किया। उन्होंने ग्रामीणों को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत, सुप्रीम कोर्ट की मुहीम समाधान समारोह एनआई एक्ट केसों के लिए लगने वाली स्पेशल लोक अदालत, किशोर न्याय, मध्यस्थता विधि, नालसा की विभिन्न स्कीमों जैसे नालसा डीएडब्ल्यूएन, नालसा जागृति, नालसा वीर परिवार सहायता योजना जैसी विभिन्न स्कीमों के बारे में बताया गया। आमजनों को अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण के बारे में जागरूक किया। पैनल अधिवक्ता वीपीएस सिंधु ने सभी लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने व ग्रीन टुडे सिक्योर टुमॉरो मुहिम के तहत प्लास्टिक बैग को इस्तेमाल न करने की अपील की।

## उपमंडल अधिकारी व्यासपुर ने साढ़ौरा सब्जी मंडी का किया निरीक्षण

# सब्जी मंडियों में बेहतर सुविधाएं दे रही सरकार

### सब्जी मंडी में किसानों एवं आढ़तियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने देने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। साढ़ौरा सब्जी मंडी का अधिकारियों के साथ औचक निरीक्षण करते एसडीएम व्यासपुर डॉ. कुलदीप सिंह। फोटो : हरिभूमि

उपमंडल अधिकारी (नागरिक) व्यासपुर डॉ. कुलदीप सिंह ने साढ़ौरा सब्जी मंडी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सब्जी मंडी साढ़ौरा में उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने सब्जी मंडी परिसर में साफ सफाई, पेयजल व्यवस्था, शौचालयों की स्थिति, सुरक्षा प्रबंधों व कृषि उपज की खरीद बिक्री संबंधी व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया।

एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह ने निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को सब्जी मंडी में किसानों एवं आढ़तियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सब्जी मंडी में आवश्य सुविधाएं सुचारू रुप से उपलब्ध करवाई जाएं। इसके साथ ही उन्होंने मंडी परिसर में स्वच्छता बनाए रखने तथा नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। एसडीएम व्यासपुर डॉ. कुलदीप सिंह ने किसानों एवं आढ़तीयों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और सुझावों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबध है तथा मंडियों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह ने कहा कि मंडी में व्यवस्था संबंधी किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर उसे तत्काल दूर करने के प्रबंध किया जाएगा। इस अवसर पर साढ़ौरा के नायब तहसीलदार कुलदीप सिंह, मंडी आढ़ती व किसान मौजूद रहे।

# नियमित रूप से साइकिल चलाने से दिल मजबूत और रक्त संचार होता बेहतर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

हर साल 3 जून को विश्व साइकिल दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने इसे 2018 में परिवहन के एक किफायती, स्वच्छ और पर्यावरण-अनुकूल साधन के रूप में साइकिल के महत्व को मान्यता देने के लिए घोषित किया था। विश्व साइकिल दिवस का उद्देश्य लोगों को फिटनेस के लिए साइकिल का उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित करना, कार्बन उत्सर्जन कम करने और जलवायु परिवर्तन से लड़ने में मदद करना है। नियमित रूप से साइकिल चलाने से दिल मजबूत होता है और रक्त संचार बेहतर होता है। यह कैलोरी बर्न करने और वजन घटाने का एक बेहतरीन व्यायाम है। यह तनाव और चिंता को भी कम करने में सहायक है।

सिटी पल्स

## हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा कम होता : नरेश



एलएनजेपी अस्पताल से सेवानिवृत्त तकनीकी अधिकारी नरेश सैनी ने कहा कि साइकिल पर्यावरण संरक्षण का सबसे सरल और प्रभावी साधन है। उन्होंने बताया कि नियमित साइकिल चलाने से शरीर स्वस्थ रहता है तथा हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा कम होता है। नरेश सैनी ने विद्यार्थियों से दैनिक जीवन में साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और ईंधन की खपत को कम करने के लिए साइकिल एक बेहतर विकल्प है। उनके अनुसार यदि लोग छोटी दूरी के लिए साइकिल का उपयोग करें तो यातायात का दबाव भी कम होगा और पर्यावरण भी स्वच्छ रहेगा।

## स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए लाभदायक : डा. विष्णु



विश्व साइकिल दिवस पर चिकित्सक डॉ. विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि साइकिल चलाना एक संपूर्ण व्यायाम है, जो शरीर के अधिकांश अंगों को सक्रिय रखता है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन 30 मिनट साइकिल चलाने से मोटापा, मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी समस्याओं से बचाव संभव है। डॉ. शर्मा ने कहा कि आधुनिक जीवनशैली में शारीरिक गतिविधियां कम हो गई हैं, इसलिए लोगों को साइकिल को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने युवाओं और बच्चों को विशेष रूप से साइकिल चलाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि यह स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों के लिए लाभदायक है।

## साइकिल का उपयोग बढ़ने से प्रदूषण भी होगा कम : वाल्मीकि



विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता रीना वाल्मीकि ने कहा कि साइकिल केवल परिवहन का साधन नहीं बल्कि सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम भी है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में साइकिल शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान बनाती है। रीना वाल्मीकि ने कहा कि साइकिल का उपयोग बढ़ने से प्रदूषण कम होगा और लोगों का स्वास्थ्य बेहतर होगा। उन्होंने सामाजिक संगठनों से साइकिल उपयोग को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान चलाने की अपील की। उनके अनुसार साइकिल एक सस्ता, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल साधन है।

## छोटी दूरी के लिए साइकिल का इस्तेमाल करें : संजीव वर्मा



विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर पार्थ ब्लड सेंटर के तकनीकी विशेषज्ञ संजीव वर्मा ने कहा कि आज दुनिया प्रदूषण और ईंधन की बढ़ती कीमतों से जूझ रही है। साइकिल पर्यावरण के अनुकूल है। इससे न तो कोई धुआं निकलता है और न ही ध्वनि प्रदूषण होता है। यदि हम छोटी दूरी के सफर के लिए बाइक या कार की जगह साइकिल का इस्तेमाल करें, तो हम भारी मात्रा में ईंधन और पैसों की बचत कर सकते हैं। साइकिल को अपनाना आधुनिकता की दौड़ में पीछे जाना नहीं है, बल्कि समझदारी है। आज बड़े-बड़े विकसित देशों में भी लोग दफ्तर जाने के लिए साइकिल का उपयोग कर रहे हैं।

## प्रदूषण की चुनौती से निपटने में साइकिल महत्वपूर्ण : सुधीर चुघ



विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर थानेसर से वार्ड 32 के पार्षद सुधीर चुघ ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और बढ़ते प्रदूषण की चुनौती से निपटने में साइकिल महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने बताया कि साइकिल से किसी प्रकार का धुआं या हानिकारक गैस नहीं निकलती, जिससे पर्यावरण सुरक्षित रहता है। सुधीर चुघ ने कहा कि लोगों को छोटी दूरी के लिए मोटर वाहनों के बजाय साइकिल का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे ईंधन की बचत होगी और कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। उनके अनुसार साइकिल एक स्वस्थ, किफायती और पर्यावरण हितैषी जीवनशैली को बढ़ावा देती है।

## खबर संक्षेप



### आईआईएचएस के प्रॉस्पेक्टस का विमोचन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज (आईआईएचएस) में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रोस्पेक्टस का विमोचन मंगलवार को कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने किया। इस अवसर पर प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि आईआईएचएस विद्यार्थियों को बहु विषयक एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करने वाला विश्वविद्यालय का प्रमुख संस्थान है।

### गर्भवतियों और बच्चों की होगी जांच

**पिहोवा।** प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ मनीषा सिंह ने बताया कि एनीमिया मुक्त हरियाणा कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं, किशोरियों, और सभी बच्चों तथा बुजुर्गों का हीमोग्लोबिन जांच किया जाएगा। एनीमिक गर्भवती महिलाओं के लिए आयरन, सुक्रोज के इंजेक्शन सब डिविजनल अस्पताल पिहोवा में उपलब्ध हैं सभी लाभार्थियों को नियमित रूप से लगाए जा रहे हैं। इस मौके पर छोटे बच्चों के लिए आयरन सिरप आशा वर्कर्स द्वारा घर-घर जाकर उपलब्ध करवाया जा रहा है।

### सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र के दस दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ

# समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम : स्वामी हरिओम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र, शीला नगर में 10 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ वात्सल्य वाटिका कुरुक्षेत्र के संस्थापक स्वामी हरिओम दास परिव्राजक द्वारा किया गया। केंद्र के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि समर कैंप के लिए 75 बच्चों ने पंजीकरण करवाया है। कैंप 10 जून तक चलेगा। दीप प्रज्वलित कर स्वामी हरिओम परिव्राजक ने कैंप का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र और महावीर सत्संग सभा कुरुक्षेत्र के सभी सजन उपस्थित रहे। स्वामी हरिओम परिव्राजक ने कहा कि समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को खेल, कला, संगीत, योग एवं रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर बच्चों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। कैंप में बच्चों को गायन, वादन, नृत्य आदि की शिक्षा दी जाएगी। इसके अतिरिक्त वेस्टर्न डांस, क्लासिकल डांस, हारमोनियम, गिटार कांगो जैसे वाद्य यंत्रों का प्रशिक्षण और आर्ट एवं क्राफ्ट की ट्रेनिंग भी दी जाएगी। 28 मई तक पंजीकरण कराने वाले बच्चों को शिविर के समापन पर लक्की ड्रा के माध्यम से आकर्षक इनाम दिए जाएंगे। केंद्र की इंजार्च अनु ललित ने बताया कि सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र द्वारा प्रतिवर्ष यह समर कैंप आयोजित किया जाता है, जिसमें बच्चों की कला प्रतिभा को निखारने पर विशेष ध्यान दिया जाता है। यह समर कैंप बच्चों की प्रतिभा को निखारने, उनकी रचनात्मक क्षमता को प्रोत्साहन देने और संगीत व कला के प्रति रूचि बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम है। सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र द्वारा यह आयोजन हर वर्ष सफलतापूर्वक किया जाता है, जिसमें बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों का भी भरपूर सहयोग मिलता है।



**कुरुक्षेत्र।** सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र के समर कैंप का शुभारंभ करते स्वामी हरिओम परिव्राजक व मौजूद केंद्र के सदस्य।

## ब्रह्माकुमारीज के विश्व शांति धाम में तीन दिवसीय समर कैंप शुरू



**कुरुक्षेत्र।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के विश्व शांति धाम, कुरुक्षेत्र में तीन दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ बड़े उत्साह एवं उल्लास के साथ हुआ। समर कैंप में पहुंचे सभी बच्चों का वेलकम टैग लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। 100 से अधिक बच्चों ने उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम का शुभारंभ राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन, ईशानी चाइल्ड केयर स्कूल की प्रधानाचार्या पूजा नारंग एवं मनीष नारंग द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या पूजा नारंग ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इतने पवित्र एवं संस्कारमय वातावरण में आयोजित इस समर कैंप का हिस्सा बनना सौभाग्य की बात है। उन्होंने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यहां उन्हें अपने व्यक्तित्व को निखारने और जीवन मूल्यों को सीखने का श्रेष्ठ अवसर प्राप्त होगा। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन ने कहा कि आज के ये छोटे-छोटे बच्चे ही देश का स्वर्णिम भविष्य है। ब्रह्माकुमारी मधु बहन ने बच्चों को आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच एवं आत्म-प्रेरणा का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि जब हम कोई नया कार्य आरंभ करते हैं तो प्रारंभ में भय महसूस होता है, लेकिन आत्मविश्वास और आंतरिक शक्ति के बल पर हर चुनौती को पार किया जा सकता है। स्वयं को आगे बढ़ाने के लिए स्वयं को प्रोत्साहित करना भी आवश्यक है।

## न्यूज डायरी

### 8 को दोबारा होगा बीटेक द्वितीय सेमेस्टर का पेपर

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने बीटेक द्वितीय समेस्टर के 15 मई को लिए गए फिजिक्स के पेपर को पिछले कई दिनों से चल रही चर्चा के उपरांत सोमवार को रद कर दिया है। अब यह पेपर दोबारा 8 जून को लिया जाएगा। पेपर के रद होते ही कुवि से संबंधित करीब 70 तकनीकी कालेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों में हलचल शुरू हो गई है। इसके बाद से उनकी बेचैनी बढ़ी हुई है। उन्हें यही पेपर अब दोबारा देना पड़ेगा। कुवि प्रशासन ने सोमवार को प्रशासनिक कारणों से पेपर रद करने की अधिसूचना जारी कर दी है। कुवि की ओर से 15 मई को बीटेक द्वितीय सेमेस्टर का सेमी-कंडक्टर फिजिक्स का पेपर लिया गया था। इस पेपर के बाद एक तकनीकी कालेज के शिक्षक ने अपने प्राचार्य को इस बात की जानकारी दी कि जो पेपर लिया गया है उसमें कई प्रश्न ऐसे हैं, जिन्हें उसने कई दिन पहले अपनी कक्षा में विद्यार्थियों को पढ़ाए थे। कुवि प्रशासन की ओर से अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझते हुए इसके लिए आंतरिक कमेटी गठित की गई और परीक्षा की सुचिता को देखते हुए इस पेपर को दोबारा लेने का निर्णय लिया है।.

### बीएएमएस इंटर्न्स के स्टाइपेंड वृद्धि की मांग को लेकर सीएम को सौंपा ज्ञापन

**कुरुक्षेत्र।** अखिल भारतीय छात्र परिषद (एबीवीपी) श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र इकाई द्वारा बीएएमएस इंटर्न के स्टाइपेंड में बढ़ोतरी की मांग लेकर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह को ज्ञापन सौपा गया। इस अवसर पर इकाई अध्यक्ष विशाल चौधरी, उपाध्यक्ष विभोर सेठी, उपाध्यक्ष अमित वर्मा एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ज्ञापन में बताया गया कि हरियाणा के सरकारी आयुर्वेदिक महाविद्यालयों में कार्यरत बीएएमएस इंटर्न्स को वर्तमान में मात्र 10,000 प्रतिमाह स्टाइपेंड दिया जा रहा है, जो वर्ष 2018 से अपरिवर्तित है। विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि यह राशि हरियाणा की न्यूनतम श्रम मजदूरी से भी कम है तथा वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों में इंटर्न्स के लिए पर्याप्त नहीं है। इकाई अध्यक्ष विशाल चतुर्वेदी ने कहा कि एबीवीपी वर्ष 2022 से इस विषय को लगातार सरकार एवं विश्वविद्यालय प्रशासन के समक्ष उठाती रही है।

### अब चरित्र प्रमाण पत्र, पासपोर्ट सत्यापन, किराएदार सत्यापन के लिए थानों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे

**कुरुक्षेत्र।** आमजन को पुलिस सेवाएं अधिक सरल, पारदर्शी और नागरिक-अनुकूल बनाने की दिशा में पुलिस ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। पुलिस महानिरीक्षक अम्बाला मंडल अम्बाला पंकज नैन के निदेर्शों पर अम्बाला मंडल के जिलों में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए नई व्यवस्था लागू की है। नई व्यवस्था के तहत अब चरित्र प्रमाण पत्र, पासपोर्ट सत्यापन, किरायेदार सत्यापन सहित अन्य सभी प्रकार के पुलिस सत्यापन कार्यों के लिए नागरिकों को थानों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। पुलिस स्वयं आवेदक के घर पहुंचकर सत्यापन प्रक्रिया पूरी करेगी। जिससे लोगों का समय बचेगा और उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। जिला में चरित्र, पासपोर्ट और किरायेदार सत्यापन प्रक्रिया हुई पूरी तरह आसान हुई है। जिला कुरुक्षेत्र में सत्यापन प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की परेशानी, देरी, अनुचित व्यवहार या भ्रष्टाचार संबंधी शिकायत हो तो 70567-00233 पर शिकायत दें सकते हैं।

# गुरुकुल के 7 छात्रों को मिली सफलता

### एनटीए ने जारी किया जेईई एडवांस 2026 का परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र



नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित जेईई एडवांस 2026 के परिणामों में गुरुकुल कुरुक्षेत्र के छात्रों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा और परिश्रम का शानदार परिचय दिया है। गुरुकुल के कुल 7 छात्रों ने जेईई एडवांस परीक्षा उत्तीर्ण कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। इनमें ऋषभ ने 494वीं रैंक प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। इसके अतिरिक्त आकाशदीप, मधुरम्, नीरव, अनमोल, प्रतीक एवं श्वेतांक ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जेईई एडवांस में सफलता प्राप्त की। इस उपलब्धि पर गुरुकुल की प्रबंधक समिति, शिक्षकों एवं अभिभावकों में हर्ष का वातावरण है। गुरुकुल के संरक्षक एवं गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा समस्त गुरुकुल परिवार को इस शानदार सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। उन्होनें विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में भी विद्यार्थी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान, प्रदेश और राष्ट्र का नाम रोशन करेंगे।



## 1.80 लाख से कम आय वाले परिवारों के घर जाकर सोमनाथ यात्रा के फार्म भरवा रहे पार्षद : सुधा

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि शहर में नगर परिषद के सभी पार्षद अपने-अपने वार्डों में 1.80 लाख से कम आय वाले परिवारों से बुजुर्गों को सोमनाथ यात्रा पर भेजने के फार्म भरवा रहे हैं। इस विशेष ट्रेन को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 8 जून को कुरुक्षेत्र से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इससे पहले सरकार ने श्रीराम मंदिर दर्शन के लिए अयोध्या और श्री तख्त सचखंड हजूर साहिब के दर्शन करवाए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश के पात्र वृद्धजन लाभार्थियों को गुजरात स्थित पवित्र सोमनाथ मंदिर के निशुल्क दर्शन करवाने के उद्देश्य से सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इस यात्रा में शामिल होने के इच्छुक पात्र लाभार्थी 06 जून तक सरल पोर्टल डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट सरल हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन पर अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। इस यात्रा के लिए सीमित सीटें उपलब्ध हैं, इसलिए पात्र नागरिक समय रहते आवेदन करना सुनिश्चित करें।

# भाजपा की बैठक में संगठन सशक्तिकरण पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ शाहबाद



भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से भाजपा कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय देवी मंदिर धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में शाहाबाद के प्रभारी एवं पानीपत के विधायक प्रमोद विज मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा राज्य कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन सुभाष कलसाना तथा भाजपा जिलाध्यक्ष तेजिन्द्र सिंह गोल्डी ने संयुक्त रूप से की। बैठक में चारों मंडल अध्यक्षों, संगठन से जुड़े शक्ति प्रमुखों, बीएलए-1, बीएलए-2 तथा अन्य सक्रिय कार्यकतार्ओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान संगठन की मजबूती, आगामी रणनीतियों तथा बूथ स्तर पर पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य वक्ता प्रमोद विज ने अपने ओजस्वी संबोधन से कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्जा भरने का काम किया। चेयरमैन सुभाष कलसाना ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका समर्पित कार्यकर्ता है। उन्होंने संगठन की मजबूती के लिए सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर रविन्द्र सांगवान ठोल, जिला महामंत्री रमेश सैनी, बीबी करतार कौर, मंडल अध्यक्ष सुपाश्र्व जैन, मंडल अध्यक्ष यादविन्द्र लक्की राणा आदि मौजूदर रहे।

## भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण और जनहित के कार्यों का मजबूत प्रहरी: कृष्ण मिड्ढा



**पिहोवा।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से पिहोवा विधानसभा क्षेत्र के रामलीला भवन में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बूथ स्तर के कार्यकतार्ओं से लेकर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं संगठन से जुड़े समर्पित कार्यकतार्ओं ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाना, बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाना तथा जनसेवा के कार्यों को नई गति प्रदान करना रहा। बैठक में विधानसभा प्रभारी एवं हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष कृष्ण मिड्ढा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी शक्ति उसका मजबूत संगठन, समर्पित कार्यकर्ता और जनता के प्रति सेवा का भाव है। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता केवल संगठन का हिस्सा नहीं, बल्कि समाज सेवा, राष्ट्र निर्माण और जनहित के कार्यों का एक मजबूत प्रहरी है। कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकतार्ओं को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर सक्रियता ही संगठन की असली ताकत है और प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच बनानी चाहिए। पहोवा मंडल अध्यक्ष प्रिंस मंगला ने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक संगठन है, जिसकी सफलता कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण पर आधारित है।

**कार्यक्रम** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यायल में 21 जून तक होंगी विभिन्न गतिविधियां

योग दिवस-2026 को लेकर लगातार किया जा रहा जागरूक

# योग क्विज प्रतियोगिता में बीएएमएस द्वितीय प्रोफेशन के विद्यार्थियों ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में योग विभाग द्वारा 21 जून तक विभिन्न योग एवं जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए योग को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रमों की शुरूआत 1 जून को आयोजित योग क्विज प्रतियोगिता से हुई। प्रतियोगिता में बीएएमएस द्वितीय प्रोफेशन (2024-25 बैच) के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में अखिल, करण, देवेंद्र, आशीष, आशीष वर्मा, अश्विनी, नैंसी, शिक्षा, कंचन, अभिषेक एवं ट्विंकल विजेता रहे। योग एवं स्वस्थवृत्त विभाग की प्रोफेसर डॉ. शीतल सिंगला ने बताया कि 3 व 4 जून को कपालभाति, जलनेति एवं सूत्रनेति जैसी यौगिक शुद्धि क्रियाओं का अभ्यास कराया जाएगा। 6 जून को स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता तथा 8 जून को योग जागरण यात्रा आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त 9 जून को ह्ययोग फॉर हेल्दी एजिंगह्ल, 10 व 11 जून को चेयर योग तथा 12 व 13 जून को एयर योग विषयक विशेष सत्र आयोजित होंगे। 15 जून को योग मैराथन का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 16 जून को विद्यार्थियों, 18 जून को कार्यालय कर्मचारियों तथा 20 जून को शिक्षक वर्ग के लिए कॉमन योग प्रोटोकॉल का आयोजन किया जाएगा। 19 जून को योग विषय पर संगोष्ठी तथा 20 जून को विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित होगी। कार्यक्रमों का समापन 21 जून को विश्वविद्यालय परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य आयोजन के साथ होगा, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक, कर्मचारी एवं योग प्रेमी भाग लेंगे।



## 5 जून को सीएम पहुंचेंगे विश्वविद्यालय



**थानेसर।** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि कुरुक्षेत्र बाईपास कुरुक्षेत्र के हर नागरिक का एक ड्रीम प्रोजेक्ट था। इस ड्रीम प्रोजेक्ट को अमलीजामा पहनाकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को यहां के नागरिक हमेशा याद रखेंगे। इस बाइपास के लिए जल्द ही अब भूमि अधिग्रहण का कार्य शुरू होगा। यह बाईपास गांव इंदबडी, अमीन, किरमच, मथाना के आसपास से निकलेगा। इस बाईपास की लंबाई 27.9 किलोमीटर होगी। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र बाइपास स्थानीय नागरिकों के लिए एक बहुत बड़ा प्रोजेक्ट है। इस बाइपास के बनने से ट्रेफिक जाम, सडक दुर्घटनाओं पर अंकुश लगने के साथ-साथ प्रदूषण से भी राहत मिलेगी। इस प्रोजेक्ट के बनने से कुरुक्षेत्र को आर्थिक रूप से भी मजबूती मिलेगी। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कुरुक्षेत्र के नागरिकों की आशा के अनुसार और डिमांड के अनुरूप छोटी व बड़ी परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाने का काम कर रहे हैं।

